हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 213 देहरादून, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी ने किया सचिवालय से 06 नये पुलिस थानों एवं 20 पुलिस चौकियों का वर्चुअल उद्घाटन 3

# सीएम धामी ने किया छात्र-छात्राओं के साथ क्यों होता है गांव से पलायन विषय पर संवाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स और मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ क्यों होता है गांव से पलायन विषय पर संवाद किया। सीएम ने इस दौरान छात्र-छात्राओं को बताया कि किन-किन योजनाओं से सरकार पलायन को रोकने का काम कर रही है। कहा कि योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए ताकि इनसे लाभ उठाया जा सके। सीएम ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया।

पौड़ी विकास भवन में सोमवार को आयोजित संवाद में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पलायन एक चिंता का विषय है। गांवों का खाली होना प्रदेश के साथ ही देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। कहा कि सरकार बड़े स्तर पर रिवर्स माइग्रेशन पर काम कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़ते हुए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर मुहैया करा रही है, ताकि गांवों में लोग रह सके। बताया कोरोना काल में लाखों प्रवासी अपने गांव आए और सरकार की योजनाओं से जुडकर, कई युवाओं ने स्वरोजगार को अपनाया है। आज यही युवा, अन्य लोगों को भी रोजगार देने का काम कर रहे हैं।

धामी ने कहा कि आपसी समन्वय एवं सहभागिता से ही पलायन रुकेगा। कहा कि लोगों का रुझान होम स्टे की ओर बढ़ रहा है, इसलिए सरकार इसे बढ़ावा दे रही है। स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरित किया जा रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन गांव से पलायन रोकने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। कहा कि स्वरोजगार बढ़ेगा तो पलायन रुकेगा और लोगों को आर्थिक फायदा भी होगा। सीएम ने कहा युवा वर्ग को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत होना चाहिए। डीएम को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में युवाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कैंपों का आयोजन किया जाए।



सीएम ने कहा कि एनसीसी से हमें सेना के जैसा अनुशासन व साहस सीखने को मिलता है। एनसीसी हर मोर्चे पर तन- मन से खड़ी रहती है। जीवन में शिक्षा प्राप्त करने का समय अमूल्य होता है। हमें अपने विद्यार्थी काल में पूरे मनोयोग से कार्य करना चाहिए। सीएम ने छात्रों से कहा कि संकल्प लेकर आगे बढ़ा जाए तो सपने जरूर साकार होते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज देश का मान सम्मान स्वाभिमान पूरे विश्व में बड़ा है। पीएम के नेतृत्व में हमें जी-20 की अध्यक्षता करने का मौका मिला है। जी-20 देशों के साथ अन्य देश एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन भी भारत आ रहे हैं। संवाद में प्रमोद सिंह, नैना कठैत व प्रियांशु ने पलायन को लेकर चर्चा की। इस मौके पर सीएम ने प्रमोद, प्रियांशु, विवेक को सम्मानित भी किया।

## पलायन पर अंकुश लगाने की दिशा में काम रही है सरकार : सीएम

पौड़ी। पौड़ी में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास में तेजी लाने के लिए काम रही है। पर्वतीय जनपदों का जीडीपी में कैसे योगदान बढ़े इसकी कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। सीएम ने कहा कि मनरेगा कैसे खेती से जुड़े पर भी काम किया जाएगा। सीएम ने कहा कि पलायन पर अंकुश लगाने की दिशा में सरकार काम रही है। स्वरोजगार में इजाफा हो ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। सीएम ने कहा कि मनरेगा खेती से जुड़े इस पर सरकार काम करेगी। गांवों में मनरेगा के कामों को भी मैने देखा है। योजनाएं धरातल पर ठीक से उतरे इस पर समन्वय के साथ फोकस है। कहा कि वे हर जिले में जाकर पूर्व सैनिकों, महिला संगठनों और छात्रों से बातचीत व बैठक कर उनके सुझाव भी ले रहा हैं। जीडीपी में पर्वतीय जिलों की भागीदारी बढ़े पर इस दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि पौड़ी एतिहासिक और पर्यटक स्थल है इसके महत्व को बढ़ाने का काम होगा। ल्वाली झील जिस पर काम रुका है उसे शीघ्र शुरू किया जाएगा। सीएम ने कहा कि आंदोलनकारियों के योगदान को नहीं भुलया जा सकता है। सरकार ने आंदोलनकारियों की पेंशन में इजाफा किया है। जीएसटी से कम आए राजस्व पर सीएम कहा कहना था कि इसकी भरपाई अन्य स्रोतों से की जा रही है, राजस्व में इजाफे को लेकर कार्ययोजना के तहत काम हो रहा है। वन्य जीवों के हमलों पर प्रभावी अंकुश लके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

## सडक़ों के गड्ढा मुक्त नहीं होने पर सीएम धामी ने जताई कड़ी नाराजगी

पौड़ी। सोमवार को पौड़ी में आयोजित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभी तक सडक़ों के गड्ढा मुक्त नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। सीएम ने साफ कहा कि एक नहीं बल्कि तीन बार सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने के लिए कहा गया लेकिन अभी भी इससे जुड़ी शिकायतें कम नहीं हुई है। सीएम ने एक फिर लोनिवि अफसरो को चेतावनी देते हुए कहा इस कार्य में अब लापरवाही हुई तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा कि इसके लिए यदि बजट की जरूरत हो तो बजट दिया जाएगा। लेकिन काम समय से पूरा होना चाहिए। विकास भवन में आयोजित बैठक में सीएम ने पेयजल महकमे के अफसरों से कहा कि शिकायतें आ रही है कि केवल नल लगा दिया गया लेकिन उस पर पानी नहीं है। इसका दुष्प्रचार हो रहा है और सरकार की छवि धुमिल हो रही है। अफसरों ने कहा कि यह पहले फेस में काम हुआ है।

## रावत गांव के लोगों से सीएम ने जुटाई जानकारी

पौड़ी। पौड़ी भ्रमण पर आए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रावत गांव में बने होम स्टे में रात्रि विश्राम के बाद सुबह गांव का भ्रमण किया और लोगों से मुलाकात की। सीएम ने लोगों से खेती से लेकर मनरेगा के कामों के बारे में पूछा। साथ ही प्रदेश सरकार के काम काज को लेकर भी जानकारी ली। होम स्टे में रात्रि विश्राम से सीएम ने इसके बढ़ावा देने का संदेश दिया। सीएम रात्रि विश्राम के बाद सुबह ही गांव के भ्रमण पर निकले और एक-एक कर ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए साथ-साथ उनसे पूछते भी गए। महिलाओं से खेती-बाड़ी के बारे में पूछा। गांव की दुलारी देवी से सीएम ने पूछा कि उनका आना गांव के लोगों को कैसे लगा। दुलारी ने कहा कि सभी को अच्छा लगा कि मुख्यमंत्री उनके गांव में आए है। सुमन चंदोला ने जानवरों के लिए चारे की समस्या बताई। डा. प्रमोद चंदोला और अन्य ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान बताया कि यहां उपजाऊ जमीन है लेकिन पलायन के कारण यहां कुछ नहीं हो रहा है।

# राजभवन में होगा 'वसंतोत्सव-2023' का भव्य आयोजन

## वसंतोत्सव में पारंपरिक मोटे अनाज ''मिलेट'' के फूड कोर्ट को वरीयता दी जाएगी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राजभवन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला वसंतोत्सव इस वर्ष दिनांक 3, 4 एवं 5 मार्च को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। वसंतोत्सव का आयोजन पहली बार तीन दिन का होगा। सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वसंतोत्सव के आयोजन के संबंध में विभिन्न निर्णय लिए गए। राज्यपाल ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजकीय न रहकर इसमें प्राइवेट पार्टनरशिप पर बढ़ावा दिया जाय।

राज्यपाल ने निर्देश दिए कि इस वर्ष वसंतोत्सव पर आईएचएम व जीएमवीएन के साथ ही राज्य के महिला स्वयं सहायता समूहों के सौजन्य से फूड कोर्ट स्थापित किए जायेंगे। इसमें मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक मोटे अनाज ''मिलेट'' को वरीयता दी जाएगी। वसंतोत्सव-2023 में शहद उत्पादन, इत्र, ऐरामेटिक पौधों, औषधीय जड़ी-बूटियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही राज्यपाल द्वारा हॉर्टिकल्चर, फलोरिकल्चर, शहद उत्पादन, जड़ी-बूटी, जैविक खेती आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों और किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से उत्तराखण्ड में फ्लोरीकल्चर व ऐरोमेटिक पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड दुनियाभर में फ्लोरीकल्चर के क्षेत्र में एक बड़े डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन राज्य के दूर-दराज के पुष्पोत्पादन, जड़ी-बूटी, सगन्ध पौधों तथा अन्य जैविक उत्पादों की व्यावसायिक खेती से जुड़े काश्तकारों व उत्पादकों के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित होना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन को आर्थिक गतिविधियों के साथ जोडने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि पुष्प प्रदर्शनी आम जनता के लिए 3 मार्च को दोपहर 1 बजे से सांय 6 बजे तक तथा 4 एवं 5 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुली रहेगी। वसंतोत्सव में विभिन्न 16 श्रेणियों में 186 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। आई.टी.बी.पी, आई.एम.ए बैण्ड, पीएसी, स्काउट एंड गाईड व पाइप बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्कृति विभाग के सौजन्य से लोक कलाकारों द्वारा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी प्रस्तुत की जायेगी।

वसंतोत्सव में पहली बार रूफ टॉप गार्डनिंग, बोनसाई गार्डनिंग और शहद प्रसंस्करण से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। व्यावसायिक, निजी पुष्प उत्पादकों सहित विभिन्न सरकारी उद्यानों की पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, पुष्प आधारित रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित हांगी। फूलों तथा प्राकृतिक सौन्दर्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, पेंटिंग तथा विशेष डाक टिकटों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। पुष्प प्रदर्शनी, प्रतियोगिता हेतु विभिन्न श्रेणियों की कई प्रतियोगिताएं प्रस्तावित हैं, जिनमें कट फ्लावर, पौटेड प्लांट अरेंजमैंट, लूज फ्लावर अरेंजमैंट, हैंगिंग पॉट्स जैसी सभी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ 'ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी' भी आयोजित होगी।

इस बैठक में सचिव राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग डॉ. एच एस बावेजा सहित पर्यटन, उद्यान, आई.टी.बी.पी, आई.एम.ए, ओ.एन.जी.सी, आई.एच.एम, जी.एम.वी.एन, पर्यटन, भारतीय डाक, वन विभाग, पुलिस, संस्कृति, तथा उद्यान आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# सीएम ने वर्चुअल किया बाराकोट पुलिस चौकी का शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत। बाराकोट में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रुप से उद्घाटन किया। इस दौरान डीएम, एसपी समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुलिस चौकी में बाराकोट और लोहाघाट के 103 राजस्व ग्रामों को जोड़ा गया है।

सोमवार को बाराकोट मुख्यालय में बनी पुलिस रिपोर्टिंग चौकी के शुभारंभ में डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने चौकी क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्राम क्षेत्रों में कानून और शांति व्यवस्था को बनाये रखने, लोगों में जन-जागरुकता फैलाए जाने, पीड़ितो की त्वरित सहायता, न्याय दिलाये जाने आदि के बारे में निर्देश निर्देश दिए। एसपी देवेंद्र पींचा ने लोगों से कानून और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का सहयोग और नशा उन्मूलन का संदेश दिया। इस मौके पर एसओ मनीष खत्री, एसआई कुंदन सिंह बोहरा, सांसद प्रतिनिधि बहादुर फत्र्याल, राजू अधिकारी आदि मौजूद रहे।




# तीन दिसवीय वसंत पंचमी मेला हुआ सम्पन्न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। जन जागृति एवं लोक संरक्षण समिति की ओर से घनसाली में आयोजित तीन दिवसीय बसंत पंचमी मेले के समापन पर लोक कलाकारों, स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम तथा कवियों ने कविताओं की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का लुप्त उठाने के लिये दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। त

नि दिसवीय वसंत पंचमी मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने मेले का समापन करते हुये कहा कि लोक संरक्षण समिति के द्वारा आयोजित मेले से स्थानीय लोक संस्कृति एवं परपंराओं को जीवित रखने का जो कार्य किया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा समिति प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन कर हमारी संस्कृति को और आगे बढ़ाने का काम करें, उन्होंने समिति के पदाधिकारियों को मेले के सफल आयोजन की शुभकामना दीं। विशिष्ट अतिथि भिलंगना ब्लॉक प्रमुख बसुमती घनाता कहा सभी को प्रयास करना चाहिए कि अपनी पौराणिक संस्कृति को आगे बढ़ाये। पूर्व विधायक भीमलाल आर्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन से हमारी आने वाली पीढ़ी हमारी पौराणिक संस्कृति के बारे में जानने का मौका मिलता है। स्थानीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने नंदा देवी की झांकी, लोक नृत्य, लोकगीत और नाटकों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया। कवि बेलीराम कंसवाल ने देहरादून मां रतिकाली घुघुती न नींद बिजाली, कवि मुरली दीवान ने खेतीपाती कर भुला गोरु बाछलु पाला भुला, मधु स्वादिनी तिवाड़ी, हरीश बडोनी और साक्षी बडोनी, विक्रम कपरवाण और मनोज रमोला ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब मनोरंजन किया। समिति की ओर से कौथिग मेले में बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्रों और कलाकारों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश भुजवान ,सचिव मोहनलाल डंगवाल, मुरारी लाल गैरोला, जयवीर मिंया, रामकुमार कठैत, कमल सिंह सजवाण, डोल चौहान, चंद्रमोहन नौटियाल, कमान सिंह पंवार, विशाल नैथानी, साक्षी बडोनी, बेलीराम कंसवाल, केशव गैरोला, रघुनाथ रावत आदि मौजूद थे।

# संविदा एवं बेरोजगार स्टॉफ नर्सेज महासंघ ने किया विरोध प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। संविदा एवं बेरोजगार स्टॉफ नर्सेज महासंघ ने भर्ती प्रक्रिया में बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को सम्मिलित करने पर श्रीनगर गोला बाजार में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बेरोजगार स्टाफ नर्सेज ने कहा कि नर्सिंग भर्ती में बाहरी अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जा रहा है, जो कि उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं के हक को मारने का काम करेगा। उन्होंने सरकार से जल्द से बाहरी राज्यों के आवेदकों पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को आयोजित विरोध करते हुए संविदा एवं बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिकृष्ण बिजल्वाण ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2900 पदों पर नर्सिंग की भर्ती वर्ष वार करने का फैसला लिया गया है। जिसका महासंघ स्वागत करता है, लेकिन दूसरी ओर इस भर्ती प्रक्रिया में बहारी राज्यों के अभ्यर्थियों द्वारा भी आवेदन किया जा रहा है। कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू करवाने की मांग को लेकर देहरादून में बेरोजगार स्टाफ नर्सेज महासंघ के बैनर तले 134 दिन धरना प्रदर्शन किया। लेकिन इस मामले को लेकर राजस्थान, उत्तरप्रदेश और पंजाब के लोग कोर्ट पहुंचे। जहां कोर्ट ने उनके पक्ष को सुनाते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों के सभी नर्सिंग स्टाफ सीनियर होने के चलते उत्तराखंड के बेरोजगारों को लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि समूह ग के आने वाले 1400 पदों पर भी यदि यही स्थिति रही तो बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों के लोग यहां पहुंचेंगे। जिससे उत्तराखंड के बेरोजगारों को मौका नहीं मिल पायेगा। उन्होंने राज्य सरकार से उत्तराखंड के बेरोजगारों के हक में उच्च न्यायालय में मजबूत से पैरवी करने की मांग की। महासंघ की जायज मांगों पर भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी ने भी समर्थन दिया।

मौके पर संगठन के कोषाध्यक्ष रवि सिंह रावत, महिपाल सिंह, मनवीर सिंह रावत, आशुतोष, सुरजीत सिंह, मुकेश कुमार, प्रवेश दत्त, अंजन गैरोला, अलका नेगी, हेमा नेगी, राखी, निकिता, सेलविना, संगीता पाल, पंकज नौटियाल, मोनिका, वर्षा, दिनेश पंवार आदि शामिल रहे।

# समान रैंक समान पेंशन को न किया जाए समाप्त

न्यूज वायरस नेटवर्क

चम्पावत। टनकपुर-बनबसा के भूतपूर्व सैनिकों ने समान रैंक समान पेंशन को समाप्त नहीं किए जाने की मांग की है। उन्होंने इस सबंध में एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। सोमवार को गौरव सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद के नेतृत्व में भूतपूर्व सैनिकों ने एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हाल ही में पारित वन रैंक वन पेंशन में विसंगतियां के कारण पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कहा ओआरओपी-41 में पूर्व सैनिकों के सभी पदों (रैंक) को समान रूप से लाभ नहीं दिया गया है। जिसमें सिर्फ ऑफिसरों को ही ज्यादा लाभ दिया गया है। इसके लिए देश के प्रत्येक निदेशालय राज्य सैनिक बोर्ड, जिला सैनिक बोर्ड एवं पंजीकृत सैनिक संगठनों तथा समितियों को पूर्व में ही संज्ञान में लेना चाहिए था जबकि ऐसा नहीं किया गया है। यहां उपाध्यक्ष हरीश चंद्र कापड़ी, गोविंद बल्लभ भट्ट, पुष्कर दत्त कापड़ी, राजेंद्र सिंह अधिकारी, कैप्टन चंद्रशेखर गहतोड़ी, मोहन सिंह, पीएन जोशी, जेएन रखोलिया, केएन भट्ट, अमर सिंह मेहरा, मनोहर चंद, प्रेम बहादुर चंद आदि रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### सतपुली में हुआ पांच दिवसीय नेत्र चिकित्सा महोत्सव का शुभारंभ

पौड़ी। द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में सोमवार से पांच दिवसीय नेत्र चिकित्सा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। जिसमें पहले दिन 341 मरीजों ने लाभ लिया। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी विमल भट्ट ने बताया कि नेत्र चिकित्सा महोत्सव के पहले दिन नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नितिन मुकेश द्वारा 341 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 198 मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरित किये गये। वहीं 98 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर अस्पताल में भर्ती किया गया जिनका अस्पताल में ऑपरेशन किया जायेगा । साथ ही स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच व दवाइयां भी वितरित की गयी ।

### थराली में हुई वनाग्नि जनजागरूकता गोष्ठी आयोजित

चमोली। सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास संस्थान एवं जागो हिमालयन लोक कल्याण समिति थराली की ओर से थराली में वनाग्नि जनजागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वनाग्नि रोकने के लिए सामुदायिक सहभागिता अवश्यक है। बिना सहभागिता के वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता है। सोमवार को थराली के ब्लॉक सभागार में वन क्षेत्राधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने गोष्ठी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गर्मी के समय जंगलों में लगने वाली आग पर नियंत्रण के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने चिपको आंदोलन की मातृ संस्था सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास संस्थान और 'जागो हिमालय लोक कल्याण समिति' थराली तथा समाजसेवियों एवं बदरीनाथ वन प्रभाग एवं मध्य पिण्डर रेंज थराली, सरपंच संगठन तथा पर्यावरणविदो की इस पहल का स्वागत भी किया। कहा कि निश्चित रूप से इस गोष्ठी का व्यापक असर होगा। मौके पर सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास संस्थान के ट्रस्टी ओम भट्ट, समाजसेवी मंगला कोठियाल, सेवानिवृत्त अध्यापक बचन सिंह रावत ,पिंडर रेंज के अधिकारी हरीश थपलियाल, वन दरोगा कुंदन बोरा, सरपंच संगठन के अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, सरपंच संगठन नारायणबगड़ अध्यक्ष भगवती प्रसाद, अब्बल सिंह रावत, सरपंच महिपाल सिंह रावत, प्रेम सिंह, संजू देवी, जानकी देवी, मोहन सिंह, महावीर चिनवान, लक्ष्मी जोशी, कलम सिंह फर्शवाण, अब्बल सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

### नारायणबगड़ में खुली रिपोर्टिंग चौकी

चमोली। राज्य में 6 नए थानों एवं 20 नई चौकियों की स्थापना के तहत पिंडर घाटी क्षेत्र के नारायणबगड़ चौकी का अपग्रेड कर रिपोर्टिंग चौकी का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्रीय जनता को रिपोर्टिंग चौकी की बधाई दी। इस अवसर पर गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत, थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा भी उद्घाटन के अवसर पर वर्चुअल जुड़े उन्होंने भी क्षेत्रीय जनता को रिपोर्टिंग चौकी की स्थापना की बधाई दी। सोमवार को नारायणबगड़ चौकी में नारायणबगड़ के ब्लाक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि थराली के उपजिलाधिकारी रविंद्र जुवांठा ने शिलापट्ट का रिबन काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख यशपाल नेगी ने कहा कि पिछले महीनों नारायणबगड़ विकासखंड के कई नए गांवों को राजस्व पुलिस क्षेत्र से हटा कर रेगुलर पुलिस को सौंपे गए हैं। ऐसे में नारायणबगड़ में रिपोर्टिंग चौकी की स्थापना बेहद जरूरी थी। जिसका आम जनता को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने एसडीएम से नारायणबगड़ तहसील में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। थराली के एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने नई पुलिस रिपोर्टिंग चौकी की स्थापना पर नारायणबगड़ क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि इससे कानून व्यवस्था में निश्चित ही सुधार आएगा। उन्होंने रेगुलर एवं राजस्व पुलिस को मिल जुल कर जनता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। थराली थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र रावत ने कहा कि नारायणबगड़ ब्लाक में इस बार 40 गांवों को राजस्व पुलिस क्षेत्र से रेगुलर पुलिस शामिल किया गया हैं। इस अवसर पर नारायणबगड़ चौकी इंचार्ज अनिल कुमार बिजौला, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन कनेरी,विधायक प्रतिनिधि दलीप नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष जयवीर कंडारी, महामंत्री दिनेश कुमार पाल, डॉ नरेन्द्र बिष्ट आदि ने विचार व्यक्त किए।

### बजट को लेकर किया प्रबुद्धजन गोष्ठी का आयोजन

चमोली। भाजपा महिला मोर्चा ने केंद्र सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को राष्ट्र हित और सबके कल्याण का बजट बताया। बजट को लेकर प्रबुद्धजन गोष्ठी का आयोजन किया गया। नंदप्रयाग में नगर पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव का दौर चल रहा है। ऐसे दौर में सरकार का बजट सबके हित और राष्ट्र के लिए बजट बना है। उन्होने कहा इस अमृत काल में महिलाओं पर विशेष फोकस किया गया है। 81 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों को अलग से बजट का प्राविधान किया गया है। महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त करने पर जोर दिया गया है। इस मौके पर कर्ण प्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल, ललिता देवी, समेत भाजपा के विभिन्न मोर्चों की महिला अध्यक्ष भाजपा के अन्य नेता गैरसैंण, जोशीमठ, पोखरी, कर्णप्रयाग आदि क्षेत्रों से महिलाएं पहुंची थी।

### सनातन धर्म अनादि और सर्व कल्याण मयी है

चमोली। कथा मर्मज्ञ आचार्य गिरीश चंद्र कैलखुरा ने कहा स्थानीय धर्म सबके कल्याण की कामना करता है। ईश्वर से अनुराग और प्राणियों में सद्भावना का संदेश देने वाला सनातन धर्म मानव ही नहीं जड़ चेतन सब में ब्रह्म तत्व होने की बात करता है। कथा ब्यास गिरीश चंद्र कैलखुरा ने कहा कि तुलसी दास ने रामचरित मानस में कहीं भी नारी के अपमान और किसी जाति के तिरस्कार की बात नहीं की है। जिस चौपाई को आजकल तुलसी दास जी की आलोचना की जा रही है। वह सिर्फ वितिंडावाद है। गोपेश्वर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर उन्होंने राजा परीक्षित, वेद ब्यास, सुखदेव, ॠषि मुनियों, जनमजेय, तक्षक के कथा प्रसंगों को सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण की वाणी और उद्धव के बद्रिकाश्रम आने के कथा प्रसंग को भी बताया। उन्होंने ने वेद पुराणों और शास्त्र आधारित जीवन जीने की अपील सनातन धर्मालंबियों से की।

### छाम थाने का सीएम ने किया उद्घाटन

नई टिहरी। सीएम पुष्कर धामी ने जनपद में बनाये गए 12वें थाने छाम का वीसी के माध्यम से विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि पुलिस थाना खुलने से आम लोगों की मदद मिलेगी। आम लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से होगा। इस मौके पर छाम थाने में मौजूद डीएम डा सौरभ गहरवार ने कहा कि राजस्व क्षेत्रों को रेगुलर पुलिस को देने का अहम काम हुआ है। जिसके तहत अब छाम में जनपद का 12वां थाना काम करेगा। थाना खुलने से आम लोगों की समस्याओं का समाधान जहां तेजी से होगा, वहीं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि छाम क्षेत्र काफी अहम व यात्रा रूट का क्षेत्र है। थाना खुलने से यात्रा के दौरान यात्रियों की मदद के साथ ही इस रूट पर होने वाली दुर्घटना में पुलिस मदद जल्दी व आसानी से मुहैया करवाई जा सकेगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया सचिवालय से 06 नये पुलिस थानों एवं 20 पुलिस चौकियों का वर्चुअल उद्घाटन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। उत्तराखण्ड में 06 नये पुलिस थाने एवं 20 नई पुलिस चौकियां खेली गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय से इनका वर्चुअल उद्घाटन किया गया है। इन 06 थानों में 661 ग्राम एवं 20 चौकियों में 696 ग्राम शामिल हैं। ये क्षेत्र पहले राजस्व पुलिस के अधीन थे, अब इनमें नियमित पुलिस की व्यवस्था की गई है। जिन 06 नये पुलिस थानों का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया उनमें पौड़ी में थाना यमकेश्वर, टिहरी में थाना छाम, चमोली में थाना घाट, नैनीताल में थाना खनस्यूं एवं अल्मोड़ा में थाना देघाट एवं धौलछीना शामिल हैं। जिन 20 नई चौकियों का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया उनमें देहरादून में लाखामण्डल, पौड़ी में बीरोखाल, टिहरी में गजा, काण्डीखाल एवं चमियाला, चमोली में नौटी, नारायणबगड़ एवं उर्गम, रूद्रप्रयाग में चौपता एवं दुर्गाधार, उत्तरकाशी में सांकरी एवं धौंतरी, नैनीताल में औखलकाण्डा, धानाचूली, हेड़ाखाल एवं धारी, अल्मोड़ा में मजखाली, जागेश्वर एवं भौनखाल तथा चम्पावत में बाराकोट शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकास एवं व्यवस्थाओं में परिवर्तन के साथ राज्य के जिन क्षेत्रों में राजस्व पुलिस की जगह पर नियमित पुलिस की आवश्यकता हो रही है, उनमें चरणबद्ध तरीके से नियमित पुलिस की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन से समृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। पुलिस व्यवस्था राज्य की कानून व्यवस्था का दर्पण होती है। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाने की पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को सुधारने की हमेशा गुंजाइश होती, इस दिशा में उत्तराखण्ड पुलिस को निरन्तर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की यह भी बड़ी जिम्मेदारी है कि समाज के अच्छे लोगों का उन पर विश्वास बढ़े और आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को पुलिस का डर भी हो। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने की पुलिस पर बड़ी जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के अधिकारियों को अपने नियमित कार्यों के अलावा जनहित से जुड़े विषयों पर लगातार कार्य करना होगा। अपने कार्यों के साथ ही हम समाज सेवा के कार्य करते हैं, तो यह हमारे लिए उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री राज्य बनाने, स्वच्छता अभियान, एवं सामाजिक सरोकारों के अन्य कार्यों में भी उत्तराखण्ड पुलिस को लगातार कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल से पुलिस के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदला है। विपरीत परिस्थितियों में उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा समाज सेवा के लिए जो कार्य किये गये वह सराहनीय है। हमें आगे भी हर क्षेत्र में इसी मनोयोग से कार्य करना होगा।

इस अवसर पर विधायक शैलारानी रावत, रेनू बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, वर्चुअल माध्यम से विधायक राम सिंह कैड़ा, अनिल नौटियाल, भूपाल राम टम्टा, महेश जीना, आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार एवं संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी एवं एसएसपी उपस्थित थे।

# डीएम अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम, 94 शिकायतें प्राप्त



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज 94 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए इसके अतिरिक्त पेंशन, सडक़ पर अतिक्रमण, आर्थिक सहायता दिलाने, समाज कल्याण की पेंशन, आंगनबाड़ी हेतु चिन्हित भूमि पर आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण करने, भाई द्वारा पृत्रक संपत्ति में हिस्सा न दिए जाने, मुर्गी फॉर्म हेतु भूमि आंवटित करने, समाज कल्याण विभाग से आधुनिक व्हील चेयर उपलब्ध कराने, एनएच 72 हेतु अधिगृहित भूमि एवं भवन स्वामियों को मुआवजा वितरित करने, पेयजल आपूर्ति सुचारू करने, आबादी क्षेत्र में चल रही बैल्डिग वर्कशॉप हटाने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण करें भूमि विवाद संबंधी शिकायतों पर राजस्व, नगर निगम एवं एमडीडीए के अधिकारियों को मौका मुआवना करते हुए समस्याओं का निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ताओं को भी कृत कार्यवाही से अवगत करा दें।

जनसुनवाई में ग्रामसभा बड़ोवाला शिवराज कालोनी में क्षेत्रवासियों द्वारा भूमि का सीमांकन कराने की शिकायत पर नगर निगम एवं तहसीलदार सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए। ईस्ट होपटाउन में शिकायतकर्ता के भाई द्वारा पैतृक संपत्ति पर अधिकार न दिए जाने की शिकायत पर एसडीएम विकासनगर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ईस्ट होपटाउन वासियों द्वारा एनएच हेतु अधिगृहित भूमि एवं भवन का मुआवजा न दिए जाने की शिकायत पर विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। एमडीडीए कालोनी में पेयजल की सुचारू आपूर्ति की शिकायतों पर पेयजल निगम एवं एमडीडीए के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। व्हील चेयर दिलाने तथा समाज कल्याण विभाग से वृद्धावस्था पेंशन लगाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार आवासीय क्षेत्र में वैल्डिंग की वर्कशॉप चलाने की शिकायतों पर नगर मजिस्ट्रेट एवं एसईएमडीडीए को कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस.के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, अपर नगर अधिकारी नगर निगम जगदीश लाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सजंय जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड़, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, सहित विद्युत, पेयजल, जल संस्थान, नगर निगम, समाज कल्याण, सिंचाई, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव अध्यक्षता में हुई एनजीटी द्वारा मसूरी की धारण क्षमता एवं सुरक्षा उपायों को लेकर गठित 9 सदस्यीय समिति की प्रथम बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा मसूरी की धारण क्षमता एवं सुरक्षा उपायों को लेकर गठित 9 सदस्यीय समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान मसूरी क्षेत्र के हिमालयी क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय, वाहन, यातायात प्रबन्धन, ठहरने, फ्लोरा फौना सहित पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के वहन क्षमता आदि का समग्र अध्ययन पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि विभिन्न संस्थानों द्वारा पिछले कुछ समय में मसूरी को लेकर कुछ अध्ययन किए गए हैं।

मुख्य सचिव द्वारा समिति के सभी सदस्यों से मसूरी क्षेत्र के लिए उनके स्तर पर किए गए अब तक के सभी अध्ययनों का समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान अब तक किए गए सभी अध्ययनों को संकलित रिपोर्ट तैयार करेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि एनजीटी द्वारा मांगे गए सभी प्रकार के अध्ययनों की रिपोर्टस को निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि समिति के अंतर्गत सभी संस्थानों द्वारा इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर लिए जाएं।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य सचिव एम.सी. घिल्डियाल, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ जियोलॉजी, देहरादून, गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान, कुमाऊं विश्वविद्यालय, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र अहमदाबाद, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुडक्की और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉ मैकेनिक्स, बेंगलुरु सहित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक चौधरी ने किया जिला चिकित्सालय की पैथेलॉजी में सीबीसी मशीन का हुआ शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। जिला चिकित्सालय में अब मरीजों को खून की जांच के लिए पैथेलॉजी में और भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक भरत सिंह चौधरी ने सोमवार को यहां एक नई सीबीसी (कम्पलीट ब्लड काउंट) मशीन का शुभारंभ किया। इस अत्याधुनिक मशीने से एक बार में करीब 80 सैम्पलों की जांच करने में मदद मिलेगी। सोमवार को जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव पॉल, वरिष्ठ फीजिशियन डॉ राजीव गैरोला, वरिष्ठ पैथेलॉजिस्ट मीनष कुमार, डॉ बीएस बिष्ट की मौजूदगी में रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने पैथेलॉजी में सीबीसी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जिला अस्पताल में मरीजों की खून की जांच करने में मदद मिलेगी वहीं नगर के साथ ही दूर दराज के लोगों को आसानी से खून की जांच कराने में बाहरी क्षेत्रों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही उन्हें धन और समय की बचत भी होगी। विधायक ने कहा कि अस्पताल को निरंतर सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी अत्याधुनिक उपकरण, संसाधन एवं मैन पॉवर बढ़ाई जाएगी ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इस मौके पर सीएमएस डॉ राजीव पॉल ने विधायक एवं जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लैब टैक्नीशियन बलवीर जगवाण, अरुण चमोला सहित कई स्वास्थ्य कर्मी एवं जनता मौजूद थी।




# भारतीय राष्ट्रीय एकता दल की कार्यकारिणी गठित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। भारतीय राष्ट्रीय एकता दल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल सिंह विरमानी ने पार्टी की कार्यकारिणी का गठन करते हुए 25 लोगों को शामिल किया है। कार्यकारिणी में प्रदेश प्रभारी के अलावा चार उपाध्यक्ष, दो प्रदेश महामंत्री और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हैं। सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डॉ. गोपाल ने पार्टी के 15 सूत्रीय उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय एकता दल का पंजीकरण 1992 में हुआ था। पार्टी के द्वारा चुनाव मैदान में प्रत्याशी भी उतारे गए। लेकिन अपरिहार्य कारणों से पार्टी को बंद कर दिया गया था। पार्टी ने 2018 में दोबारा आवेदन किया, आवेदन के परिपेक्ष में चुनाव आयोग ने 4 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय भारतीय राष्ट्रीय एकता दल को गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में बहाल कर दिया। आगामी चुनाव में उनकी पार्टी चुनाव लड़ेगी।

इनको मिला दायित्वः डॉ.विरेंद्र कुमार शर्मा को प्रदेश प्रभारी, अशोक कुमार, गजेंद्र कुमार, संजय कुमार और दयाराम को प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रचार मंत्री चंद्रपाल, कृष्ण कुमार चौहान, मिठठन लाल को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। विक्रांत को युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष, संसार सिंह जिला प्रभारी, सुरेश पाल जिलाध्यक्ष, प्रमोद राठी जिला उपाध्यक्ष, नरेश चौधरी जिला महामंत्री, जोगेंद्र सिंह संगठन मंत्री, रवि कुमार जिला प्रचार मंत्री बनाया गया है। नंदा पांडेय को ऋषिकेश की महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनाया गया है। मोनू सिंह को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष, आशीष कुमार को युवा मोर्चा का महामंत्री और साहिर आलम को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। तरुण वर्मा को नगर निगम के वार्ड 19 और परविंदर कुमार को वार्ड 53 का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गयी है। वार्ड 53 के उपाध्यक्ष का पद बृजपाल और सचिव सुभाष चंद को बनाया गया है।

## सास हत्या करने के बाद थाने पहुंचा दामाद

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र की महादेवपुरम कॉलोनी में दामाद अपनी सास की गला दबाकर हत्या करने के बाद थाने पहुंच गया। हरिद्वार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी दामाद ने रविवार रात को शराब पार्टी की थी। नशे में जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह घर से निकल गया और इधर-उधर घूमता रहा।

सोमवार तडक़े करीब साढ़े चार बजे वह अपनी सास नरोता उर्फ बसंती पत्नी बिट्टू 42 वर्ष निवासी रगढ़पुरा थाना नजीबाबाद हाल निवासी महादेवपुरम कॉलोनी के यहां पहुंचा, जहां कहासुनी के उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। सिडकुल थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी ने पहले घर पहुंचकर पत्नी और अपने साढ़ु को इसकी जानकारी। उसके बाद वह खुद थाने पहुंचा। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के दूसरे दामाद राजाराम निवासी चंडीगढ़ बीववाला थाना नजीबाबाद बिजनौर की शिकायत पर पुलिस ने पहले दामाद सोनम पुत्र कलवा निवासी मयूरवाला मोर बढिया थाना नजीबाबाद बिजनौर हाल रावली महदूद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# भाजपा की नीतियों से प्रदेश का हो रहा चहुमुखी विकास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडक़ी। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक कुंजा बहादुरपुर गांव में हुई। कार्यसमिति के दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ पर्सासद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, भाजपा जिला प्रभारी आदित्य चौहान ने संयुक्त रूप दीप जलाकर किया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने पुष्पगुच्छ देकर सभी का स्वागत किया। कार्यसमिति में डॉ. निशंक ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और भाजपा की नीतियों से प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा शासन भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। भाजपा जिला प्रभारी आदित्य चौहान ने सभी पदाधिकारियों को प्रदेश के होने वाले कार्यक्रमों को हर बूथ पर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि सभी जिला पदाधिकारियों को भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। बृजेश त्यागी ने राजनैतिक प्रस्ताव पढ़ा। जिसका अनुमोदन मनोज सैनी, दिनेश पंवार, सुशील त्यागी ने किया। डेटा प्रबंधन की जानकारी प्रदेश कार्यालय प्रभारी कौस्तुभानंद जोशी ने दी। मन की बात के जिला संयोजक बीएल अग्रवाल ने मन की बात कार्यक्रम की मुख्य मुख्य बातों के विषय में बताया कि रुडक़ी जिला इस बार द्वितीय स्थान पर आया है। मंच का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण संधू एवं अरविंद गौतम ने किया। कार्यसमिति में द्वितीय सत्र में उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, रुडक़ी विधायक प्रदीप बत्रा मौजूद रहे। सतपाल महाराज ने कहा कि भाजपा विकास योजनाओं को गांव के दूरस्थ स्थान तक पहुंचाने में काम कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा शासन में किसानों का विकास हो रहा है। फसलों का बीमा संभव हो पाया है। राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। रुडक़ी विधायक प्रदीप बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा की ओर से चलाई गई आयुष्मान योजना द्वारा उत्तराखंड का प्रत्येक नागरिक लाभान्वित हो पा रहा है। इस अवसर पर सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, दिनेश, भूतपूर्व सांसद हरपाल साथी, सुशील त्यागी, मानवेन्द्र चौधरी, वैजंती माला,राजपाल, संदीप खटाना, हरिमोहन गुप्ता, श्यामवीर सैनी, पवन तोमर, जिला उपाध्यक्ष , प्रदीप पाल, सोनू धीमान,चतेरसेन, भीम सिंह,मुदीप त्यागी, जिला मंत्री सतीश सैनी, गीता कार्की, सौरभ गुप्ता, राजबाला सैनी, प्रमोद चौधरी,योगेश सिंघल, विकास प्रजापति, मनोज कुमार, योगेंद्र सैनी, सत्येंद्र सिंह चौधरी, मोहम्मद अफजाल, धीरज, गौरव कौशिक, प्रतिभा चौहान, अनुज सैनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 50 प्रतिशत सीटों पर उत्तराखंड के छात्रों को मिले प्रवेश

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के छात्र संघ महासचिव सम्राट राणा ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 से सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाए जाने, गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में बायोमैट्रिक की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने, बिड़ला परिसर में महिला छात्रावास जल्द से जल्द खोले जाने, चौरास परिसर के छात्र -छात्राओं की समस्याओं का निराकरण के लिए चौरास परिसर में भी वीसी कार्यालय खोले जाने, गढ़वाल विश्वविद्यालय में जल्द से जल्द नये परीक्षा स्थाई नियंत्रक और रजिस्ट्रार की स्थाई नियुक्ति किए जाने की मांग की।

### गौरव सैनानियों ने बनाया संगठन का 13वां स्थापना दिवस

श्रीनगर गढ़वाल। पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट( श्रीनगर) के गौरव सैनानियों ने सोमवार को संगठन का 13वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कारगिल शहीद सुनील कर्णपाल की माता सुलोचना देवी कर्णपाल को पुष्प माला व संगठन का का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया गया। संगठन के अध्यक्ष दर्शन सिंह भंडारी ने सभी सदस्यों एवं को बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए सभी गौरव सेनानियों को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रस्ताव रखा गया कि ओआरपीओ को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर चल रहे धरना प्रदर्शन के समर्थन में सभी गौरव सेनानी 20 फरवरी को श्रीनगर गोला पार्क में एं घंटा धरना देंगे। कार्यक्रम में संगठन संरक्षक मेजर प्रेम मलासी (रि0), हयात सिंह झिक्वान, सचिदानन्द शैली, सुंदरी देवी, वर्षा देवी, कल्पेश्वरी देवी, प्रदीप सिंह, उदय सिंह, संजय सिंह, अनिल, हरेंद्र सिंह, गिरीश चमोली, दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### मंत्री धन सिंह ने किया नए कार्यालय का शुभारंभ

श्रीनगर गढ़वाल। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सोमवार को भाजपा के नए कार्यालय का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र विल्वकेदार से लेकर कलियासौड़ तक 110 करोड़ की लागत से सीवर लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा गोला पार्क का भी नव निर्माण का कार्य कराया जाएगा। कहा गढ़वाल मंडल विकास निगम के नीचे पार्किंग का निर्माण भी होगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, गिरीश पैन्यूली, वासुदेव कंडारी, अमित जुगराण, हरि सिंह बिष्ट, पंकज सती, गणेश भट्ट, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भगवानपुर में 22 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

रुडक़ी। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने तहसील परिसर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 180 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से 66 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चकबंदी अधिकारी के न पहुंचने पर उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। तहसील परिसर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने करीब 23 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके बाद जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनी। जमीन की पैमाइश ,राशन कार्ड, चकबंदी, पानी निकासी जैसी समस्याएं दर्ज हुई। एक कंपनी द्वारा ग्राहकों से पैसा ऐंठ कर फरार हो जाने की शिकायत भी आई। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जो शिकायत यहां निरस्तारित नहीं हो पाई, संबंधित विभाग उसे जल्द से जल्द निस्तारण करें। चकबंदी के अधिकारी के मौजूद नहीं होने पर एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने चकबंदी अधिकारी के तबादले की बात भी कही।

### चार का शांतिभंग में चालान काटा

रुडक़ी। खड़ंजा कुतुबपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवारों में झगड़ा हो गया। सूचना पर कोतवाली के दरोगा बबलू चौहान और सिपाही शूरवीर सिंह रावत मौके पर पहुंचे और एक पक्ष के शमीम और उसके बेटे अमजद को तथा दूसरी तरफ से नूर अहमद और उसके बेटे अजहर को गिरफ्तार कर लिया। चारों के खिलाफ पुलिस शांति भंग की कार्रवाई कर रही है।

### वैलेंटाइन डे पर शांतिभंग करने पर होगी कार्रवाई

रुडक़ी। वैलेंटाइन डे पर किसी ने शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। पार्क और अन्य जगहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। हल्का दरोगा और चेतक को क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। हिन्दू संगठन वैलेंटाइन डे का विरोध करते हैं। सालों पूर्व एक संगठन 14 फरवरी को हाथों में हथियार लेकर शहरभर में घुमा था। पुलिस ने लाठी-डंडे और कार को कब्जे में लिया था। कोतवाली में भी संगठन के पदाधिकारियों समेत अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। एसपी देहात एसके सिंह ने बताया कि कोतवाली प्रभारियों को शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


**सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी होगीः** कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरों से भी पुलिस शहर की निगरानी करेगी। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या विवाद की आशंका बनती है तो पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। एक टीम कंट्रोल रूम से शहर में लगे कैमरों को चेक करती रहेगी।

**कानून हाथ में न लेने की अपीलः** इस दिन होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर मारपीट और छेड़छाड़ जैसी घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इनको रोकने के लिए पुलिस ने अपील की है कि कोई भी कानून हाथ में न लें। यदि किसी भी चीज से कोई परेशानी है तो वह पुलिस को सूचित करें। पुलिस मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

### एटीएम कार्ड बदलकर तीस हजार निकाले

रुडक़ी। महिला का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से तीस हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। महिला की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। कस्बा निवासी स्वेता गर्ग ने तहरीर देकर बताया कि वह कस्बे के एक एटीएम से पैसे निकालने गई थीं, लेकिन पैसे नहीं निकल पा रहे थे। पास में खड़े युवकों ने मदद करने की बात कही। मौका पाकर युवकों ने महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया, लेकिन पैसे नहीं निकले और युवक वहां से चले गए। कुछ ही देर बाद महिला के फोन पर एसएमएस आया कि उसके खाते से ₹ तीस हजार निकल गए हैं। ठगी का अहसास होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। इससे पहले भी बैंक अधिकारी बनकर या एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी के मामले सामने आए हैं। पुलिस एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है।

# विश्व कप टीम से बाहर होना जीवन का सबसे मुश्किल दौर, खेल छोड़ने पर विचार कर रही थी : जेमिमा




केपटाउन, 13 फरवरी। पिछले साल न्यूजीलैंड में वनडे विश्व कप की टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ने से लेकर रविवार को टी20 विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ विजयी रन बनने तक जेमिमा रोड्रिग्स ने 12 महीने से भी कम समय में शानदार वापसी की है।

रविवार को यहां भारत के महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में सात विकेट की जीत में 38 गेंद में नाबाद 53 रन बनाने वाली जेमिमा ने कहा कि एक समय तो वह खेल छोड़ने के बारे में भी विचार कर रही थी।

जेमिमा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि पिछले साल इस समय जब मैं घर पर थी और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में नहीं थी क्योंकि मुझे (भारत की) 50 ओवर के विश्व कप की टीम से बाहर कर दिया गया था। यह मेरे लिए सबसे कठिन समय था लेकिन उस दौरान बहुत सारे लोग थे जिन्होंने मेरी मदद की।

उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो कई बार मेरे पास खुद को बताने के लिए कुछ नहीं था। कई बार मैंने हार मान ली थी। मेरे पास आगे बढ़ने की ताकत नहीं थी और मुझे पता है कि बहुत से लोग कहते हैं कि आपको खुद को प्रेरित करने की जरूरत थी पर जब कोई व्यक्ति इस तरह की चीजों से गुजरता है तो वही बता सकता है कि उसे किस चीज का सामना करना पड़ रहा है।

जेमिमा अपने आसपास के माहौल, विशेष रूप से अपने निजी कोच प्रशांत शेट्टी और अपने पिता की आभारी हैं जिन्होंने उन्हें उस कठिन दौर से बाहर निकालने में मदद की।

वह अपने बेसिक्स पर लौटी और धूल भरे आजाद मैदान की पूरी तरह से स्पिन की अनुकूल पिच पर अंडर-14 और अंडर-19 लडकों के खिलाफ खेली जिसका उन्हें काफी फायदा मिला।

उन्होंने कहा, जैसा मैंने कहा, मैंने ब्रेक लिया, फिर मैं अपने कोच प्रशांत शेट्टी और अपने पिता (इवान) के पास वापस गई। हमने एक योजना बनाई, जैसे एक हफ्ते में मैं मुझे दो मैच खेलने थे, मैच खेलने को अधिक समय देना था और बाकी समय में अभ्यास करती। रविवार को मेरी छुट्टी होती थी।

जेमिमा ने कहा, यह बहुत चुनौतीपूर्ण है, सुबह के समय बहुत ओस होती थी। उन हालात में मुझे अंडर -19 लडकों के साथ खेलना था। ऐसी परिस्थितियों में खुद को रखने से मुझे अपनी सहज स्थिति से बाहर निकलने में मदद मिली।

जेमिमा ने अंडर-14 लडकों के खिलाफ खेलते हुए अपना विकेट नहीं गंवाने का निश्चय किया था।

जेमिमा को अब भी न्यूजीलैंड में पिछले साल के 50 ओवरों के विश्व कप में नहीं खेल पाने का मलाल है।

उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि हमने उस दौरान वास्तव में कड़ी मेहनत की और मुझे याद है कि मैं मानसिक रूप से ठीक नहीं थी। मैंने एक ब्रेक लिया था क्योंकि क्रिकेट एक ऐसी चीज है जिसे खेलना मुझे पसंद है, ऐसा कुछ है जिसे मैं करना पसंद करती हूं और विश्व कप में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है और इसमें नहीं खेल पाने से उबरने में थोड़ा समय लगा।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता पारी से पहले अपनी खराब फॉर्म के बारे में जेमिमा ने कहा, मुझे लगता है कि एक बल्लेबाज के रूप में जब आप रन नहीं बना रहे होते हैं तो यह निश्चित रूप से सुखद समय नहीं होता है लेकिन मैं वास्तव में नेट पर कड़ी मेहनत कर रही थी।

जेमिमा और रिचा घोष (20 गेंद पर नाबाद 31) ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 58 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान के चार विकेट पर 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को जीत दिलाई।

जेमिका ने कहा कि वह पहली महिला प्रीमियर लीग में खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती जिसकी नीलामी सोमवार को मुंबई में होनी है।

उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं सिर्फ डब्ल्यूपीएल खेलना चाहती हूं। मुझे परवाह नहीं है कि कौन सी टीम मुझे लेने जा रही है और मैं सिर्फ इसका हिस्सा बनना चाहती हूं क्योंकि यह भारत में सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है और हमने इसके लिए बहुत लंबा इंतजार किया।

# मौका मिलने पर प्रत्येक खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही है : हरमनप्रीत



केपटाउन, 13 फरवरी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 विश्व कप में अपने पहले मैच में रविवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस भी खिलाड़ी को मौका मिल रहा है वह अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पाकिस्तान ने भारत के सामने 150 रन का लक्ष्य रखा था। भारत ने जेमिमा के नाबाद 53 और रिचा के नाबाद 31 रन की मदद से 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा,जेमिमा और रिचा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। सभी खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हैं। जिसको भी मौक़ा मिल रहा है, वह बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा,प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण है, प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन निश्चित रूप से पाकिस्तान के ख़िलाफ़ मैच बड़ा होता है। (अगले मैच से पहले) हम नेट्स पर कुछ समय बिताना पसंद करेंगे। हम कुछ चीज़ों पर काम करना चाहते हैं।

पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मरूफ ने कहा कि उनकी टीम ने गेंदबाजी में कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा, हमने आज अच्छा खेल दिखाया। हालांकि हमने गेंदबाज़ी में कई ग़लतियां भी की। हमने अच्छी बल्लेबाज़ी, जिस खिलाड़ी को जो भूमिका दी गई थी उसने उसे अच्छी तरह से निभाया। जेमिमा को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्होंने अपनी पारी अपने माता पिता को समर्पित की। उन्होंने कहा,मैं यह जानती थी हमें एक बढ़िया साझेदारी चाहिए। मेरे माता-पिता यहां हैं और मैं अपनी इस पारी को उन्हें समर्पित करना चाहती हूं। मुझे पता था कि अगर हम आखिर तक टिके रहते हैं तो हमें आसानी से जीत मिल जाएगी। हमें पता था कि वे ढीली गेंदें फ़ेंकेंगी और हमने उसका पूरा फ़ायदा उठाया।

## दक्षिण अफ्रीका में रिद्धिमा दिलावरी शीर्ष 10 में

जॉर्ज (दक्षिण अफ्रीका), 13 फरवरी। अंतिम लम्हों में मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली भारत की रिद्धिमा दिलावरी यहां एक अंडर 71 के स्कोर से डाइमेंशन डाटा लेडीज प्रो ऐम गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहीं। रिद्धिमा ने तीन दौर में 75, 72 और 71 का स्कोर बनाया। टूर्नामेंट का आयोजन दो कोर्स पर किया गया और रिद्धिमा को अंतिम दौर मोंटागु में खेलना था और उन्होंने 10वें होल से शुरुआत की। रिद्धिमा ने तीन बर्डी और एक ईगल किया लेकिन वह चार बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। स्वीडन की मोया फोल्के ने अंतिम दौर में बोगी रहित आठ अंडर 64 के स्कोर से फ्रांस की एने लिसे कोडाल को तीन शॉट से पछाड़कर खिताब जीता।

## ऋ चा ने पाक पर दिलायी भारत को जीत

केपटाउन, 13 फरवरी। भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53) के अर्धशतक और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 31) के साथ उनकी चौथी विकेट के लिये 33 गेंद में 58 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक ओवर शेष रहते 7 विकेट से शिकस्त दी। पाकिस्तान ने कप्तान बिस्माह मारूफ (नाबाद 68 रन) के अर्धशतक और आयशा नसीम (नाबाद 43 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिये 81 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। भारत ने यह लक्ष्य 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर हासिल किया जिसमें 'प्लेयर ऑफ द मैच' जेमिमा रोड्रिग्स की आठ चौके जड़ित 38 गेंद की नाबाद अर्धशतकीय पारी महत्वपूर्ण रही।

## विमेंन प्रीमियर लीग के लिए आज होगी खिलाडिय़ों की नीलामी, 409 खिलाडिय़ों पर लगेगी बोली

नईदिल्ली, 13 फरवरी। विमेंन प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए आज खिलाडियों की नीलामी होगी। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। पहले सीजन के लिए दोपहर 2:30 बजे से खिलाडियों की नीलामी होगी। नीलामी का जो आयोजन होने जा रहा है वो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस मेगा ऑक्शन में 409 खिलाडियों पर बोली लगेगी। इनमें 15 देशों की विमेंस क्रिकेटर शामिल हैं।

## भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा अब इंदौर के होलकर स्टेडियम में

इंदौर, 13 फरवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर गावस्कर ट्राफी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है और वह यह की दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाला तीसरा टेस्ट मैच अब धर्मशाला में नहीं खेला जाएगा। इस मैच की अब जगह बदल दी गई है। पहले जब सीरीज की घोषणा हुई थी तब तीसरा टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाना तय था।

लेकिन अब शेड्यूल में बदलाव किया गया है। अब बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी में भारत-ऑस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट मैच इंदौर में होगा। यह मुकाबला पहले धर्मशाला में होना था। टेस्ट क्रिकेट मुकाबला खेले जाने की हिसाब से परिस्थितियां अनुकूल नहीं है ऐसे में यह फैसला लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने सोमवार को प्रेस रिलीज जारी कर इस फैसले की पुष्टि की है। बोर्ड ने अपने फैसले में बताया है की पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान काफी कम है। इस वजह से अब ये मैच यहां नहीं खेला जा सकता है। ऐसे में तीसरा टेस्ट इंदौर के होलकर स्टेडियम में होगा।

## उत्तम' यूपी को मिले 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव : योगी

लखनऊ 13 फरवरी, । उत्तर प्रदेश को निवेश के लिये सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य होने का भरोसा दिलाते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में प्रदेश को 33.50 लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव मिले है जिससे 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा।

तीन दिवसीय समिट के समापन समारोह को संबोधित करते हुये श्री योगी ने दस पार्टनर कंट्री समेत 40 देशों से आये प्रतिनिधियों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशी राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा।

उन्होने कहा कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था। समिट में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए निवेश मिले



हैं। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्री समूह व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर टीम भावना से सभी निवेश प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतारेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूल मंत्र पर काम किया। पारदर्शी नीतियों और तकनीकी को अपनाकर निवेश के चार स्तम्भो पर काम किया। एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ।

श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं प्रधानमंत्री की अनुकंपा से औद्योगिक निवेश को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के विकसित उत्तर प्रदेश और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश महाकुंभ को 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई ऊंचाई प्रदान की। विगत नौ वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इस बढ़े सम्मान का लाभ ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश को भी मिला है। वैश्विक समुदाय निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य उत्तर प्रदेश के प्रति आकर्षित हुआ है।

# सीएम धामी ने की पौड़ी में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सोमवार को पौड़ी जनपद के विकास भवन सभागार में सभी विभागों के विकास कार्यों और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों को पारदर्शिता, तेजी से और दूरदृष्टिता को ध्यान में रखते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों, प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से व्यापक विचार-विमर्श करते हुए सबकी भागीदारी से विकास कार्यों के प्रस्ताव निर्मित करने और उन्हें क्रियान्वित करने की बात कही। उन्होंने पेयजल निगम और जल संस्थान को पेयजल योजनाओं की क्षमता और उसकी वस्तुस्थिति को एक बार पुनः चेक करने के निर्देश दिये ताकि आगामी गर्मी में पेयजल की किल्लत न होने पाए। उन्होंने वन विभाग को वन्य जीव हमले में मानव व पशुधन के मुआवजे का भुगतान स्वो मोटो प्रोसेस से करने के निर्देश दिये ताकि संबंधित प्रभावित को अनावश्यक भागदौड़ न करनी पड़े।

मुख्यमंत्री ने पुनः बनाये जा रहे राशन कार्ड को अच्छे तरीके से क्रास वैरिफाई करवाने तथा जो मानक के अनुरूप वास्तव में हकदार हैं उन्हीं के बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुक्त गढ़वाल और जिलाधिकारी को सरकार की योजनाओं का लोगों को समुचित लाभ दिलाने, विकास कार्यों को तेज गति से व पारदर्शिता से क्रियान्वित करने तथा सार्वजनिक सेवाओं की जटिलता को आसान बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद की पर्यटन थीम पर आधारित पर्यटन कैलेंडर का विमोचन भी किया।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पर्वतीय क्षेत्र हमारे प्रदेश के विकास में कैसे भागीदार बनें, हम इस पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। साथ ही युवा, महिला, गरीब, वंचित का किस तरह से अधिक से अधिक भला हो, हम इस को प्राथमिकता में लेकर कार्य कर रहे हैं।

समीक्षा बैठक में जनपद पौड़ी शहर हेतु सीवरेज लाइन, पौड़ी शहर बाइपास, श्रीनगर नगर निगम सीवर विस्तार, जी.बी. पंत इंजीनियरिंग कॉलेज पंपिंग योजना, ट्रैचिंग ग्राउण्ड, तिमली रोड़, लोअर चोपडा, वन ग्रामों में मूलभूम सुविधा विकास और रांसी स्टेडियम के समीप हैलीपैड निर्माण जैसी जनपद की प्रमुख चुनौतियों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान द्वारा लिविंग विद लेपर्ड प्रोग्राम, ट्राइडेन्ट पार्क देवप्रयाग, बिटल्स फेस्टिवल इन ऋषिकेश, पहाड़ी अंजीर (बेडु) इनीशिएटिव, युज ऑफ टेक्नोलॉजी गवर्नेंस एक्शन, बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर कोटद्वार, पैराग्लाइडिंग स्पोर्ट्स स्कूल बिलखेत, माउंटेन म्यूजियम, प्लैनेटेरियम एण्ड बंजी जंपिंग, डिस्ट्रिक कलेक्ट्रेट, हैरिटेज बिल्डिंग और गंगा म्यूजियम जैसे इनोवेटिव कार्यों का भी प्रेजेन्टेशन दिया। साथ ही जिला सेक्टर और राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजना का प्रेजेन्टेशन भी दिया गया व समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, विधायक यमकेश्वर रेणु बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्मिक उपस्थित थे।

## अफवाह फैलाने वालों पर भी नकल अध्यादेश के तहत होगी कारवाई: सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी नकल अध्यादेश के तहत कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने पटवारी भर्ती परीक्षा को संदेहास्पद बनाने के भरसक प्रयास किए। सोमवार को सचिवालय में मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि पटवारी भर्ती परीक्षा में एक लाख तीन हजार छात्र-छात्राओं, बेटी-बेटियों और भाई-बहिनों ने भाग लिया है। मैं सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। लोक सेवा आयोग और जिला प्रशासन भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इतने सारे संदेहों के बीच में और तमाम प्रकार की मनगढ़ंत चीजें उछाले जाने के बावजूद परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारी भर्ती परीक्षा न हो, इसके लिए कुछ लोगों की तरफ से हर प्रकार का जाल बुना गया। माहौल को खराब करने की कोशिश की गई, लेकिन एक लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शामिल होकर ऐसे तत्वों को मंसूबों पर नापाक किया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को फिर विश्वास दिलाया कि जो नकल अध्यादेश राज्य में लागू हुआ है उसके तहत सारी प्रतियोगी परीक्षाएं निष्पक्ष और नकल विहीन होंगी। अब पूरी तरह से योग्य छात्र-छात्राओं को जगह मिलने वाली है। जो भ्रामक खबर फैला रहे हैं, उनके विरुद्ध कारवाई की जाएगी।

# पीसीएस मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमण्डल ने की अपर मुख्य सचिव से मुलाकात



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से सोमवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड पीसीएस मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी तथा सचिव कार्मिक शैलेष बगोली से निवेदन किया कि 23 से 26 फरवरी 2023 के बीच आयोजित करवायी जाने वाली उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा सहित आगामी सभी परीक्षाएं आयोग द्वारा जारी किये गये कैलेण्डर के अनुसार समय पर आयोजित करवाई जाय। अभ्यर्थियों ने अनुरोध किया कि आगामी परीक्षाओं को समय पर आयोजित करवाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार का संशय न रहे, ताकि राज्य में युवाओं का मनोबल न टूटे। देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम 2023 को राज्य में लागू करने के लिए अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भावनाओं को समझते हुए जिस प्रकार से सरकार द्वारा इतने कम समय पर यह नकल विरोधी कानून राज्य में लागू किया गया है, इससे राज्य के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अभ्यर्थियों ने कहा कि इस कड़े नकल विरोधी कानून से राज्य के युवा पूरी तरह से संतुष्ट एवं आश्वस्त हैं तथा आगामी परीक्षाओं हेतु उत्साहित हैं। युवाओं का व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास है। सभी अभ्यर्थी पूरे उत्साह एवं लगन से परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा सहित सभी भर्ती परीक्षाएं आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेण्डर के अनुसार निर्धारित समय पर ही आयोजित की जायेगी। राज्य में भर्ती परीक्षाओं हेतु कड़ा परिश्रम करने वाले हमारे हजारों प्रतिभाशाली व लगनशील युवाओं के मनोबल को टूटने नही दिया जाएगा। रतूड़ी ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन राज्य में आयोजित होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता से समय पर आयोजित करवाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। गत दिवस प्रदेश में पटवारी और लेखपाल की भर्ती परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित करवाई गई। हम अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य के सभी युवाओं से अपील की कि प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी में लगे समस्त युवक-युवतियां पूरी लगन और मेहनत से तैयारी करें। भविष्य के प्रति आशावान एवं सकारात्मक रहें। सभी अभ्यर्थी अपना एवं एक दूसरे का मनोबल बढ़ायें। किसी भी प्रकार की अफवाहों में विश्वास ना करें तथा ना ही अफवाहों के प्रचार-प्रसार में भाग लें। भर्ती परीक्षाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाहें फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी द्य राज्य में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। समस्त राज्य में परीक्षा केन्द्रों में पुलिस एवं इंटेलिजेंस की टीमों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था व अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था हर प्रकार से अभेद्य एवं अभूतपूर्व है।

अपर मुख्य सचिव से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थी सक्षम चौहान, वैभव देवल, अपूर्व देवल, बृज मोहन जोशी, शैलेश सती, अर्चना नेगी, आलोक भट्ट, श्वेता शर्मा ने मुलाकात की।

# प्रदेश के 80 हजार बुजुर्गों को मिलेगी पेंशन, 2500 निराश्रित बेटियों विवाह कराएगी सरकार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रदेश के दिव्यांग मेधावियों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण का शतप्रतिशत पालन कराया जाएगा। सभी आयोगों को इस बाबत पत्र भेजा जा रहा है कि दिव्यांगों के लिए तय चार प्रतिशत आरक्षण को सख्ती से लागू किया जाए।
-चंदनराम दास, समाज कल्याण मंत्री

देहरादून। प्रदेश के 80 हजार बुजुर्गों को समाज कल्याण की पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। एक परिवार में दंपत्ति को पेंशन देने की व्यवस्था के बाद आए सभी नए आवेदकों को अप्रैल से पेंशन देने की तैयारी है। इसके साथ ही कोरोना काल में अनाथ हुई और निराश्रित बालिकों के विवाह की जिम्मेदारी भी सरकार लेगी। इनकी संख्या फिलहाल 2500 से ज्यादा है।

सोमवार को विधानसभा में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के बाद मीडिया से बातचीत में परिवहन मंत्री चंदनराम दास ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के समान ही दिव्यांग पेंशन में भी पुत्र अथवा पौत्र के 20 साल की कम आयु का होने की शर्त को खत्म किया जा रहा है। जल्द ही इसका जीओ जारी कर दिया जाएगा। दिव्यांगों को दिए जाने वाले उपकरणों की सीमा को भी बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन में रियायत देने के बाद विभाग ने पात्र लोगों से आवेदन मांगे थे। पूरे प्रदेश में 80 लोगों ने इस पेंशन के लिए आवेदन किया। इन सभी को शामिल किया जा रहा है। इन्हें मिलाकर राज्य में समाज कल्याण की पेंशन से लाभ पाने वाले लोगों की संख्या 8.30 लाख तक हो जाएगी। आरक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए प्रदेश में सात कोचिंग सेंटर तय किए गए हैं। यहां उन्हें निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इसका पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

बहुद्देश्यीय वित्त विकास निगम लाएगा ओटीएस स्कीमः समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वरोजगार के लिए दिए गए 22 करोड़ रुपये के लोन की वापसी के लिए सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की मंजूरी दे दी। बहुद्देश्यीय वित्त विकास निगम को लेनदारों को कर्ज अदायगी के लिए प्रेरित करने को सरल योजना लाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले काफी समय से 22 करोड़ रुपये कर्ज में फंसे हैं।

सहायक समाज कल्याण अधिकारी का ब्लॉक में आफिसः सहायक समाज कल्याण अधिकारियों को ब्लॉक में अपना कार्यालय मिलेगा। मंत्री ने कहा कि इसके लिए प्रस्ताव मांग लिया गया है। कार्यालय के साथ ही कंप्यूटर और एक सहायक भी दिया जाएगा।

# अपर मुख्य सचिव ने की सीएम धामी द्वारा चम्पावत हेतु की गई 91 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चम्पावत हेतु की गई 91 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को स्पष्ट किया कि अधिकारी माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जनहित में की गई घोषणाओं एवं विकास कार्यों को समयबद्धता से पूरा करें। जिला प्रशासन एवं सचिवालय स्तर पर जनहित की योजनाओं को पूरा करने के लिए औपचारिक प्रक्रियाओं को त्वरित किया जाय। शिक्षा और स्वास्थ्य से सम्बधित योजनाओं पर संवेदनशीलता से कार्य किया जाय। सभी विभाग विकास कार्यों के लिए बनने वाले वर्किंग प्लान को औपचारिकताओं में उलझाने के स्थान पर जनहित एवं राज्य हित को सर्वोपरि स्थान दें। शासकीय औपचारिकताओं को जनहित में लचीला किया जा सकता है।

एसीएस रतूड़ी ने कहा कि अधिकारी फाइलों पर आपत्तियां लगाने के स्थान पर अनौपचारिक तरीके से उनका त्वरित निराकरण करें। अधिकारी सरकारी कार्यों को परम्परागत तरीके से करने स्थान पर प्रो-एक्टिव अप्रोच के साथ कार्य करें। विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सचिवालय का प्रत्येक विभाग अपने सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विडियों कांफ्रेसिंग करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय कार्यों में जनहित हेतु सरलीकरण का मार्ग अपनाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। एसीएस रतूड़ी ने कहा कि अधिकारी जनहित से जुड़े विकास कार्यों में पर कार्य करते हुए आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं पर चर्चा करने के स्थान पर समाधान निकालने का प्रयास करें।

बैठक में चम्पावत जिला प्रशासन एवं सचिवालय के सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चम्पावत विधानसभा क्षेत्र हेतु की गई घोषणाओं पर गम्भीरता से कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल 08 घोषणाओं में से 07 घोषणाओं का शासनादेश एक माह के भीतर जारी कर दिया जाएगा। ग्राम्य विकास के तहत बनबसा-टनकपुर-चम्पावत-घाट तक राष्ट्रीय राजमार्ग में 07 स्थानों में हिलांस आउटलेट के निर्माण की कार्यवाही गतिमान है। इनमें से 01 हिलांस आउटलेट तैयार हो चुका है। पुलिस क्षेत्राधिकारी, टनकपुर में स्मार्ट कन्ट्रोल रूम का निर्माण की कार्यवाही गतिमान है। पर्यटन विभाग के तहत चम्पावत को अखिल भारतीय स्तर पर पर्यटन मानचित्र में लाने के लिए पर्यटन विभाग की विशेष कार्ययोजना फरवरी माह के अन्त तक तैयार हो जाएगी। कुमाऊं क्षेत्र के प्रमुख 17 मन्दिरों को मानसखण्ड कॉरिडोर के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में 17 फरवरी तक ई टेण्डर खुल जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने जिले के सभी होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों में स्थानीय अन्न मंडुआ एवं झंगौरा से बने उत्पादों को प्रोत्साहित करने के निर्देश जिलाधिकारी चम्पावत को दिए। चम्पावत के डांडा ककनई क्षेत्रों में संचार व्यवस्था को मजबूत करने हेतु टावर हेतु भूमि चिह्नित कर दी गई है तथा आगे की कार्यवाही गतिमान है। चम्पावत में जमीन की व्यवस्था हो जाने पर बनबसा एवं अन्य स्थानों पर सिडकुल का निर्माण के सम्बन्ध में एक सप्ताह में शासनादेश जारी कर दिया जाएगा। चम्पावत में बनबसा में गैस एजेंसी खोलने हेतु तेल कम्पनी द्वारा सैद्धान्तिक सहमति दे दी गई है। बनबसा में सैनिक स्मारक के निर्माण हेतु भूमि चिह्नित हो गई है, शासनादेश जारी हो गया है। इस सम्बन्ध में आगे की कार्यवाही गतिमान है। चम्पावत में शूटिंग रेंज के निर्माण हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा एक सप्ताह में प्रेषित कर दिया जाएगा।

बैठक में सचिव डा0 बी वी आर सी पुरुषोत्तम, सचिव मुख्यमंत्री श्री एस एन पाण्डेय, अपर सचिव विनीत कुमार, जगदीश प्रसाद काण्डपाल, पूजा गब्र्याल, निदेशक संस्कृति बीना भट्ट, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी चम्पावत श्री नरेन्द्र सिंह भण्डारी मौजूद रहे।

## संपादकीय



### तस्करी के खतरे

बीते एक दशक में देश में तस्करी का अवैध बाजार बढ़कर 2,60,094 करोड़ रुपये हो चुका है. इस अवधि में पांच प्रमुख उद्योगों- शराब, मोबाइल फोन, उपभोक्ता वस्तु, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ और तंबाकू- में सरकार के कर संग्रहण का नुकसान 22,230 करोड़ रुपये से बढ़कर 58,521 करोड़ रुपये हो चुका है यानी इसमें 163 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. शराब और तंबाकू उत्पादों के कर संग्रहण में तो नुकसान 227 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि उपभोक्ता वस्तु और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ में यह आंकड़ा 162 प्रतिशत रहा है. भारतीय उद्योग एवं व्यापार जगत की संस्था फिक्की की एक समिति की रिपोर्ट में उल्लिखित ये आंकड़े इंगित करते हैं कि तस्करी हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन चुकी है. रिपोर्ट ने रेखांकित किया है कि अमृत काल में देश की अर्थव्यवस्था को 40 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पार ले जाने के लक्ष्य को पाने में तस्करी बहुत बड़ी बाधा बन सकती है. फिक्की ने सरकार से अनुरोध किया है कि इसे रोकने के लिए एक ठोस अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जाना चाहिए. यह समस्या किस हद तक गंभीर हो चुकी है, इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि तस्करी रोकने के लिए बना रेवेन्यू इंटेलिजेंस निदेशालय हर माह औसतन एक हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की प्रतिबंधित वस्तुएं पकड़ता है. तस्करी एक वैश्विक समस्या है. संयुक्त राष्ट्र के अध्ययन के अनुसार, तस्करी हर साल वैश्विक अर्थव्यवस्था के तीन फीसदी हिस्से का नुकसान करती है तथा इससे दो ट्रिलियन डॉलर की हानि होती है. इसका एक बेहद चिंताजनक पहलू यह है कि उपभोक्ता, खाद्य, शराब, तंबाकू और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की तस्करी करने वाले नेटवर्क ही नशीले पदार्थों, घातक हथियारों, बारूद आदि को भी एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाते हैं. हवाला कारोबार के तार भी इनसे जुड़े होते हैं तथा आतंकियों का वित्त पोषण भी इसी माध्यम से होता है. इस प्रकार, यह एक आपराधिक आर्थिक और वित्तीय समस्या तो है ही, साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा की भी प्रश्न है. तस्करी के खिलाफ हमारे देश में भी कानून हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक समझौते हैं. लेकिन देश के भीतर होने वाली कार्रवाई में आम तौर पर छोटे स्तर के तस्कर ही पकड़े जाते हैं. वे अपने नेटवर्क के बारे अधिक जानकारी भी नहीं दे पाते. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समझौते और इंटरपोल की व्यवस्था के बावजूद सरकारें एवं संगठन समुचित ढंग से परस्पर समन्वय नहीं स्थापित कर पाते. अनेक देशों की सत्ता के संबंध भी तस्करों से हैं. घरेलू और वैश्विक स्तर पर सरकारों और जांच एजेंसियों में भी तस्करों की पैठ है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# लाठीचार्ज के बाद धरना दे रहे युवकों पर उत्तराखंड सरकार ने दर्ज किया केस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। देहरादून में बेरोजगारों पर लाठीचार्ज के बाद उत्तराखंड सरकार ने धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों पर सख्ती शुरू कर दी है। कचहरी परिसर स्थित शहीद स्मारक पर धरने पर डटे उत्तराखंड बेरोजगार संघ से जुड़े युवाओं पर पुलिस और प्रशासन ने मुकदमा दर्ज किया है। इनपर बिना अनुमति धरने देने और धारा-144 के उल्लंघन का आरोप है। दरोगा विवेक कुमार राठी की तहरीर पर देहरादून कचहरी परिसर स्थित शहीद स्मारक में धरने पर बैठे उत्तराखंड बेरोजगार संघ के सदस्य जसपाल ग्राम टयूटार त्यूणी, अंकित नेगी ग्राम डाबरा कालसी, अनिल सिह समोग थाना चकराता, सुरेश सिह ग्राम डोब हिंडोलाखाल, समेत अन्य 50-60 सदस्यों पर मुकदमा दर्ज किया है।

इसमें कहा गया कि देहरादून के समस्त शहरी क्षेत्र में धारा-144 लागू है। धारा 144 के अनुपालन में शहीद स्मारक कचहरी परिसर देहरादून में धरना पर बैठे करीब सभी प्रदर्शनकारीयों को बार-बार धारा 144 के लागू होने के संबंध में बताया गया, परंतु उक्त लोगों द्वारा इसका पालन नहीं किया गया। राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी की। बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होकर विधि विरूद्ध जमावकर राज्य सरकार के दिशा-निर्देश का पालन नहीं करने को 188 भादवि के तहत अपराध बताया है।

## धरने पर बैठे युवाओं ने शहीद स्थल पर चलाया सफाई अभियान

देहरादून। एक तरफ जहां पुलिस ने कचहरी परिसर स्थित शहीद स्थल पर धरने पर बैठे युवाओं पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर युवाओं ने इसका जवाब गांधीगिरी से दिया। युवाओं ने शहीद स्थल के आसपास सफाई अभियान चलाया। वहीं कचहरी परिसर के बाहर भी युवा एकत्रित हैं और बैठे हुए हैं। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनरतले शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे युवाओं ने तीन मुख्य मांगें उठाई। उन्होंने पहली मांग उठाई कि बॉबी पंवार समेत सभी 13 बेरोजगार साथियों को रिहा किया जाए। दूसरा भर्ती घपलों की सीबीआई जांच कराई जाए। पहले जांच, फिर परीक्षा की तीसरा मांग उठाते हुए कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं होती तब तक परीक्षा स्थगित रखी जाए। धरना देने वालों में युवतियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, वे धरने पर डटे रहेंगे। इस दौरान विभिन्न जन संगठनों से जुड़े लोग भी युवाओं के समर्थन में मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करन महरा के खिलाफ दी तहरीर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने सोमवार को थाना डालनवाला में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा के खिलाफ तहरीर दी।

महानगर मंत्री अभिजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा ने अपने बयान में कहा कि बेरोजगारो के आंदोलन के दौरान प्रीतम सिंह के साथ बदतमीजी झगड़ा एवं पथराव करने वाले लोग विद्यार्थी परिषद से जुड़े हुए थे। ऐसा साक्ष्य होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि करन माहरा के आरोप निराधार हैं। वे या तो इसका प्रमाण दें या माफी मांगे। परिषद के सोशल मीडिया प्रांत संयोजक हन्नी सिसोदिया ने कहा कि परिषद रजिस्टर्ड छात्र संगठन है, जिसकी



प्रत्येक वर्ष सदस्यता होती है। उसकी सदस्यता रसीद तक दी जाती है और प्रत्येक वर्ष के लिए दायित्वों की विधिवत घोषणा होती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महारा ने यह आरोप किस आधार पर लगाया है, क्या जिन्होंने तोडफ़ोड़ मारपीट की है उनके पास सदस्यता रसीद या दायित्व थे तो उनका उनके पास कोई प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि महारा ने स्वयं अपने ही संगठन के कार्यकर्ताओं से योजनाबद्ध तरीके से परिषद को बदनाम करने की नियति से ये करवाया गया होगा। डीएवी छात्रसंघ अध्यक्ष दयाल बिष्ट ने आरोप लगाया की बिना किसी सबूत व आधार के कोंग्रेस अध्यक्ष माहरा ने परिषद की छवि धूमिल की गई है व मीडिया से झूठी खबर फैलाने का अपराध किया गया है। जिसके लिए उनके ख़िलाफ़ मुकदमा हो। इस दौरान यशवंत पंवार, डीएवी इकाई अध्यक्ष अमन जोशी, मंत्री यश प्रताप बिष्ट, रितिक नौटियाल, नगर मन्त्री अरमान डोभाल, फरीद अहमद, अंशुल परमार, अंकित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मनोज बाजपेयी, शर्मिला टैगोर की गुलमोहर का ट्रेलर जारी, दिखी उलझे हुए परिवार की भावुक कहानी

मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर की फिल्म गुलमोहर बीते कुछ दिनों से चर्चा में है। मनोज ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा था कि इस होली पर वह अपने परिवार से मिलाने जा रहे हैं। फिल्म से शर्मिला टैगोर अभिनय की दुनिया में वापसी कर रही हैं और इस वजह से यह फिल्म चर्चा में है। अब शनिवार को फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह एक परिवार के जुड़े रहने के संघर्षों की कहानी है।


ट्रेलर की शुरुआत होती है एक बड़े पारिवारिक कार्यक्रम से। इस कार्यक्रम के बीच में शर्मिला का किरदार अपने घरवालों को बताती है कि उसने अपना एक मकान ले लिया है और अब वह वहीं रहेंगी। इसके बाद शुरू होता है फैमिली ड्रामा। एक छत के नीचे रहते हुए घर के हर सदस्य को एक-दूसरे से शिकायत है। साथ ही हर किसी को इसका दुख भी है कि जिंदगी की आपाधापी में कैसे सब एक-दूसरे से दूर हो गए।



गुलमोहर 3 मार्च को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन राहुल चितेला ने किया है। मीडिया से बातचीत में शर्मिला ने कहा था, गुलमोहर एक पारिवारिक कहानी है, जिससे हर कोई जुड़ा हुआ महसूस करेगा। यह परंपराओं और आधुनिकता के बीच बैलेंस पर आधारित है। इसमें दिखाया जाएगा कि कैसे इनके बीच की जगह आप प्यार की गरमाहट से भर सकते हैं। मुझे इस फिल्म के डिज्नी+ हॉटस्टार पर आने के बाद लोगों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार है।

मनोज ने फिल्म के बारे में कहा था, गुलमोहर के साथ मैंने एक नई चुनौती ली है। यह उससे अलग है, जो मैं आमतौर पर करता आया हूं। गुलमोहर एक ऐसी फिल्म है, जो प्यार, परवाह और आराम से भरी हुई है। यह एक परिवार के अलग-अलग रिश्तों पर आधारित है। यह एक मकान के घर बनने की कहानी है। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं क्योंकि यह परिवार के साथ देखने के लिए बेहतरीन फिल्म है।

गुलमोहर के अलावा दर्शकों को मनोज बाजपेयी की द फैमिली मैन के तीसरे सीजन का इंतजार है। अमेजन प्राइम पर इस वेब सीरीज के पिछले दो सीजन काफी लोकप्रिय हुए हैं। वहीं शर्मिला के प्रशंसक भी उनके डिजिटल डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं। शर्मिला 60-70 के दशक में एन ईवनिंग इन पेरिस (1967), आराधना (1969), सत्यकाम (1969), सफ़र (1970), अमर प्रेम (1971), छोटी बहू (1971), दाग (1973), चुपके-चुपके (1975), मौसम (1975) जैसी सदाबहार फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# पठान ने दुनियाभर में कमाए 900 करोड़, भारत में जल्द टूटेगा बाहुबली 2 का रिकॉर्ड

शाहरुख खान की पठान बॉक्स ऑफिस पर धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। हर हफ्ते फिल्म नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में कुल 900 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म ने यह कारनामा मात्र तीसरे हफ्ते में ही कर दिखाया है। वाईआरएफ की तरफ से आधिकारिक तौर पर ताजा आंकड़े साझा किए गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाईआरएफ ने प्रेस रिलीज जारी करके फिल्म के ताजा कलेक्शन की जानकारी दी है। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 901 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। भारत में फिल्म ने तीसरे शुक्रवार को कुल 558 करोड़ रुपये कमाए हैं। वाईआरएफ ने इन आंकड़ों को इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया, फिल्म को बेहद प्यार मिल रहा है। इन आंकड़ों से निर्माताओं के साथ-साथ प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

भारत में फिल्म ने 464.8 करोड़ नेट की कमाई कर ली है और यह जल्द ही बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। बाहुबली 2 (हिंदी) ने भारत में 510.99 करोड़ रुपये कमाए थे। इसी हफ्ते फिल्म ने केजीएफ 2 का रिकॉर्ड तोड़ा है। सोमवार को फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 438.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। केजीएफ 2 (हिंदी) की कमाई भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 434.7 करोड़ रुपये की रही थी।

इससे पहले पठान दंगल को पीछे छोड़ते हुए भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बनी थी। बीते शनिवार को खबर आई थी कि फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 398 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। 2016 में आई दंगल ने करीब 387 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके बाद प्रशंसक जल्द ही केजीएफ 2 का रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद कर रहे थे और फिल्म ने महज दो दिनों में यह कारनामा भी कर दिया था।

तमाम विवादों और सुर्खियों के बाद पठान 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन ही 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। लंबे समय बाद शाहरुख खान की बड़े पर्दे पर वापसी की दीवानगी के कारण फिल्म की जबरदस्त एडवांस बुकिंग भी हुई थी। पठान की चर्चा सिर्फ फिल्मी गलियारों में ही नहीं, बल्कि संसद तक में हुई।

# बोनी कपूर ने दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी पर बायोग्राफी की घोषणा की

फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने अपनी दिवंगत पत्नी और दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी की बायोग्राफी द लाइफ ऑफ ए लीजेंड की घोषणा की। उन्होंने इसकी घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। बोनी ने कहा, श्रीदेवी प्रकृति की ताकत थीं। जब उन्होंने अपनी कला को पर्दे पर अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया तो वह सबसे ज्यादा खुश थीं, लेकिन वह एक नितांत निजी व्यक्ति भी थीं।

पुस्तक धीरज कुमार द्वारा लिखी गई है, जिन्हें अभिनेत्री परिवार का सदस्य मानती थी। उन्होंने आगे कहा, धीरज कुमार वह हैं जिन्हें वह परिवार की तरह मानती थीं। वह एक शोधकर्ता, लेखक और स्तंभकार हैं। हमें खुशी है कि वह किताब लिख रहे हैं जो उनके असाधारण जीवन के अनुकूल है।

यह पुस्तक भारतीय सिनेमा में बेजोड़ करियर रखने वाली सुपरस्टार श्रीदेवी का पूरा चित्र प्रस्तुत करती है। उन्होंने तमिल, तेलुगू, मलयालम,



कन्नड़ और हिंदी में 50 वर्षों में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया, उन्होंने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, राज्य सरकार पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते।



# अंडरवर्ल्ड का कब्जा में नजर आएंगी श्रिया सरन

आनंद पंडित की 'अंडरवर्ल्ड का कब्जा' 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जब से फिल्म का टीजर जारी किया गया था, तब से इस पीरियड ड्रामा को देखने के लिए दर्शकों का उत्साह हर दिन बढ़ रहा है। फिल्म में उपेंद्र, किच्चा सुदीपा और श्रिया सरन लीड रोल में हैं। श्रिया सरन लगातार सुर्खियां बटोरती हैं, चाहे वह उनकी आश्चर्यजनक शैली, उनकी परियोजना पसंद, या हालिया ब्लॉकबस्टर -'दृश्यम 2' में उनके असाधारण काम के लिए हो। 'दृश्यम 2' के साथ उद्योग में अपनी पहचान बनाने के बाद, श्रिया सरन अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। अभिनेत्री पैन-इंडिया फिल्म, 'अंडरवर्ल्ड का कब्जा' में मधुमती के रूप में दिल जीतने के लिए तैयार हैं। इस बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, मैं अपने सभी प्रोजेक्ट्स के लिए अपने प्रशंसकों से मिल रहे प्यार और सराहना से वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। दर्शकों से मिले प्यार और समर्थन के लिए मैं शुक्रगुजार हूं। मेरी प्राथमिकता हमेशा उनका मनोरंजन करना रही है और मुझे उम्मीद है कि मैं हमेशा इसी तरह उनकी उम्मीदों पर खरी उतरूंगी। 'अंडरवर्ल्ड का कब्जा' 17 मार्च को हिंदी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की कहानी भारतीय इतिहास के सबसे बड़े माफिया अर्केश्वरा के शासन पर आधारित है। फिल्म में मुरली शर्मा, नवाब शाह, कोटा श्रीनिवास राव और कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं। फिल्म का निर्माण श्री सिद्धेश्वरा एंटरप्राइजेज और अलंकार पांडियन के सहयोग से आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स द्वारा किया गया है और आर. चंद्रू द्वारा निर्देशित है।